# हिन्दी विभाग
# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
# शिमला

दिनांक : 23.07.2016

आज दिनांक 23.07.2016 को सुबह 11:00 बजे स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल (B.O.S.U.G.) की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफ़ेसर सरस्वती भल्ला | अध्यक्ष |
| 2. | प्रोफ़ेसर विद्यानिधि | सदस्य |

अध्ययन मण्डल की बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए :-

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त हिंदी 'कोर पाठ्यक्रम' (Core) के अतिरिक्त दो अन्य कोर पाठ्यक्रम पारित किए गए – 1. प्रयोजनमूलक हिंदी 2. अनिवार्य हिन्दी (रचना पुंज)

2. बी.ए./बी.काम के दूसरे सत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयोजनमूलक हिंदी तथा चौथे सत्र के लिए अनिवार्य हिंदी (रचनापुंज) पारित किया गया ।

3. इन पाठ्यक्रमों के लिए कोड HIND200 और HIND400 पारित किए गए ।

**नोट** : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त बी.ए./बी.काम.(रेगुलर) में हिंदी विषय के चार ही कोर पाठ्यक्रम निर्देशित हैं जिनमें से अंग्रेज़ी/हिंदी/एम.आई.एल. के दो कोर पाठ्यक्रम बी.ए./बी.काम. के सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य किए गए हैं । इनके लिए दो अलग कोर पाठ्यक्रम यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित नहीं किए गए हैं । यू.जी.सी. टैम्प्लेट के अनुसार कोर पाठ्यक्रम में 30% से अधिक परिवर्तन संभव नहीं है और भारत के सभी विश्वविद्यालयों में इन पाठ्यक्रमों का समरूप होना अनिवार्य है ।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता अध्ययन प्रोफ़ेसर गिरिजा शर्मा के निर्देशानुसार स्नातक स्तरीय हिंदी अध्ययन मंडल ने दो पेपर अपने स्तर पर बनाए हैं क्योंकि यू.जी.सी. टैम्प्लेट में इनके पाठ्यक्रम का उल्लेख नहीं है ।

बैठक अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई ।

(प्रोफ़ेसर सरस्वती भल्ला)
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग एवं
अध्यक्ष स्नातक स्तरीय अध्ययन मण्डल

डॉ0 विद्यानिधि
सदस्य